# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित **'B++'** श्रेणी)

*सम्बद्ध*

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांकः 26.03.2022

## प्रकाशनार्थ
## शिक्षा का प्रसार

**दिनांक 26 मार्च 2022 गोरखपुर।** ज्ञान अथवा शिक्षा पशुत्व से मनुष्यत्व एवं मनुष्यत्व से देवत्व की प्राप्ति है तथा जहां ज्ञान की खोज निरंतर चलती रहती है वह स्थान भारत है तथा जो ज्ञान की साधना में तल्लीन हो वह भारतीय है। इसी दिशा में बढ़ते हुए शिक्षा शास्त्र विभाग द्वारा शिक्षा का प्रसार कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शिक्षा के प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा शास्त्र विभाग के छात्र/छात्राओं ने रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया, इसके बाद मलिन बस्तियों में जाकर लोगों तक पहुंच कर उनके बारे में जानने की कोशिश की। कितने बालक/ बालिकाएं शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं तथा क्या उनका नामांकन विद्यालय में है? और वह किस स्तर की शिक्षा प्राप्त किए हैं, जानने की कोशिश की। इस समय कुछ बालकों ने बताया कि कोरोना के कारण उनके पिता का काम बंद हो गया है जिसके कारण वे फीस देने में असमर्थ हैं। विभाग के छात्रों ने ऐसे बालकों के माता–पिता को सरकारी संस्थान में अपने पाल्य के नामांकन के लिए समझाया जिसके बाद उनके पिता ने आश्वासन दिया कि वे अपने बालक का शीघ्र ही पास के विद्यालयों में प्रवेश कराएंगे। इसी प्रकार अन्य बालक बालिकाओं एवं उनके माता–पिता को शिक्षा हेतु जागरूक किया गया तथा मिठाई बांटकर शिक्षा के लिए प्रोत्साहन दिए और उन्हें भावी भविष्य में शिक्षा प्राप्त करने के लिए कुछ सलाह एवं सुझाव दिए ।

शिक्षा के प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा शास्त्र विभाग की अध्यक्ष श्रीमती निधि राय, असि० प्रो० श्री श्याम सिंह श्रीमती रुक्मिणी चौधरी एवं श्रीमती जागृति विश्वकर्मा ने अपना सहयोग छात्रों के साथ दिया।

**प्रो. (ओम प्रकाश सिंह)**
**प्राचार्य**